भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.02.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 619 का उत्तर

रेल दुर्घटनाएं

619. श्री जसबीर सिंह गिलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में रेलवे दुर्घटनाओं के कारण मृतकों की संख्या गत पांच वर्षों से बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो उत्तरी राज्यों में गत पांच वर्षों के रेलवे हादसों का जोन-वार, वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान देश में रेल दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या का जोन-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान रेल दुर्घटना के कारण मृतकों के परिवारों को दिए गए कुल मुआवजे का जोन-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी नहीं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): रेल दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्ति और क्षतिपूर्ति भुगतान का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	मारे गए व्यक्तियों की संख्या	प्रतिपूर्ति की राशि
2015-16	148	2,32,49,,785 रु.
2016-17	192	2,64,27,604 रु.
2017-18	97	1,29,13,005 रु.
2018-19	18	4,96,52,856 रु.
2019-20 (31 जनवरी तक)	07	2,80,81,205 रु.

****